**बिहार सरकार**
**उद्योग विभाग**

**बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड,**
**पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।**

**निविदा आमंत्रण सूचना** सं0 – 352 दि0 – 18.08.2022

बिहार सरकार, उद्योग विभाग, **बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना** के सौजन्य से 6 (छः) जिला में खादी मेला सह प्रदर्शनी, 2022–23 का आयोजन प्रस्तावित है। इस आयोजन हेतु उपलब्ध प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों/इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी से दिनांक–12.09.2022 को 1:00 बजे अपराहन् तक बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के कार्यालय में निविदा प्राप्त की जायेगी, जिसे उसी दिन 2:00 बजे अपराहन् में सभी निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, सातवां तल्ला, गाँधी मैदान, पटना अवस्थित उनके कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

**निविदा की शर्त्तें**

1. निविदादाता की इकाई श्रम एवं नियोजन विभाग से निबंधित होनी चाहिए (प्रमाण–पत्र की छाया प्रति)।
2. इस प्रकार के आयोजन के लिए राजकीय मेला/प्रदर्शनी के कार्य का 3 वर्षों का अनुभव (प्रमाण–पत्र सहित)।
3. निविदादाता को विगत 03 वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम 50 लाख के टर्न ओवर का प्रमाण–पत्र (सी0ए0 द्वारा प्रमाणित)।
4. आयकर प्रमाण–पत्र (वित्तीय वर्ष 2020–21) की छाया प्रति।
5. जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।
6. निविदा के साथ सुरक्षित राशि के रूप में रू0–25,000/– (पच्चीस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट देना होगा, जो बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के नाम देय होगा। बैंक ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ देना होगा।
7. तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा को अलग–अलग मुहर बंद लिफाफे में देनी होगी। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में सील बंदकर जमा करना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
8. किसी भी प्रतिष्ठान को उनके द्वारा किये गये कार्यों के विरूद्ध कुल देय राशि का भुगतान मेला समाप्ति के बाद ही किया जायेगा।
9. प्रस्तावित मेला की तिथि एवं स्थल में आवश्यकतानुसार परिवर्त्तन भी किया जा सकता है।
10. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना को सुरक्षित रहेगा।

11. कार्य विवरणी या अन्य किसी प्रकार की जानकारी के लिए बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के दूरभाष सं0–9801295946 पर संपर्क किया जा सकता है।

12. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. किसी भी प्रकार के कर का भुगतान सफल निविदादाता को करना होगा।

14. निविदाकर्त्ता को शपथ–पत्र देना होगा कि उनका फर्म काली सूचि में शामिल नहीं है।

15. निविदा संबंधी कार्य विवरणी किसी भी कार्य दिवस को अथवा बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के बेवसाईट www.kvibbihar.com से प्राप्त की जा सकती है।

विशेष सचिव–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

## खादी मेला एवं प्रदर्शनी हेतु

| क्र0 | वस्तुऍं | अदद |
|---|---|---|
| 1 | सम्पूर्ण मेला परिसर की घेराबंदी (10'X3' जी0आई0 कोरगेटेड सीट से) | दर प्रति रनिंग सम्पूर्ण मेला तक। दर प्रति वर्गफीट। |
| 2 | (क) गेट डिजाईन (फूल माला सजावटि के साथ) के अनुसार दर सम्पूर्ण मेला तक। | 01 अदद ड़िजाईन के अनुसार |
| | (ख) वातानुकूलित VIP रूम 20'X25' वाटरप्रुफ प्लेटफार्म के साथ नये कपड़ा एवं फ्लैक्स के साथ सम्पूर्ण मेला तक। | VIP कुर्सी–10 अदद, सोफा–02 अदद, सेन्टर टेबल–05 अदद, तौलिया –10 अदद, शौचालय के साथ। 02 AC सहित (आवश्यकतानुसार) |
| | (ग) झोपड़ीनुमा मंडप का निर्माण–02 अदद सम्पूर्ण मेला तक। (जीवंत प्रदर्शन हेतु) | 12 ft. गोलाई में झोपड़ीनुमा मंडप का निर्माण। लकड़ी, प्लाई, गोलाकार 12 ft. का प्लेटफार्म। फुल माला, लाईट सजावट के साथ। |
| 3 | स्टॉल मॉडूलर साइमा सिस्टम पर आधारित वाटरप्रुफ निर्माण 5 फीट छज्जा के साथ 10'X10'. 8" सैन्टिंग लकड़ी/बोर्ड से (प्लान एवं डिजाईन के अनुसार) दर प्रति अदद सम्पूर्ण मेला तक। | 10'X10' का 100 अदद 5 फीट छज्जा के साथ।<br>प्रत्येक स्टॉल में दो टेबुल (4'X6' साईज का), 2 फाईवर कुर्सी, रैक, 2 ट्यूब लाईट एवं पंखा आवश्यकतानुसार।<br>जूट कारपेट तथा बार्डर एवं नामांकरण सहित पूर्ण सजावट के साथ। |
| 4 | मंच एवं पंडाल का निर्माण<br>फुल माला विद्युत सामग्री नया कारपेट एवं अन्य सजावट सामग्री के साथ सिलिंग वाटरप्रुफ फ्लैक्स एवं पुरे मेला/परिसर को रंगीन बल्ब, झालर, डिस्को लाईट साज–सज्जा के साथ दर सम्पूर्ण मेला तक। | मंच (32'X20'X4') सैन्टिंग मंच, भॉलवेट, कारपेट, लाईट, साउण्ड सिस्टम सहित/बैक ड्रॉप 30'X15' साईज फ्लैक्स मंच पर आधारित सीढ़ी दोनों साईड से।<br>मंच पर पॉच टेबुल (सफेद क्लॉथ टेबुल सहित) 15 अदद मंच बी0आई0पी0 कुर्सी (कभर सहित)<br>15 अदद शीशा का ग्लास (मैट सहित) मंच पर डिस्को लाईट। 100 फीट लंबाई 60 फीट चौड़ाई 20 फीट ऊँचाई Dome Shaped Hanger से निर्मित सफेद एवं ब्लू नये कपड़े से बना आवश्यकतानुसार विद्युत सामग्री से सजावट यथा झूमर, हाईलोजन, गेटल, लाईट एवं ट्यूब लाईट सहित। 100 अदद VIP कुर्सी कभर सहित। 300 अदद साधारण कुर्सी (फाईबर का) सोफा 10 अदद, ग्रीन रूम (10'X10') कपड़ा पर आधारित। |
| 5 | विद्युत व्यवस्था (दर सम्पूर्ण मेला तक) | पूरे मेला परिसर में अन्दर एवं बाहर, विद्युत कनेक्शन के साथ समुचित आवश्यकता अनुसार लाईट आदि की व्यवस्था (सम्पूर्ण मेला अवधिक तक) |
| 6 | साउण्ड सिस्टम (दर सम्पूर्ण मेला तक) | उद्घाटन में एक महिला उद्घोषिका के साथ म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था। |
| 7 | कारपेट (दर प्रति वर्गफीट सम्पूर्ण मेला तक) | मेला परिसर में अन्दर एवं बाहर आवश्यकता अनुसार रेड एवं ग्रीन कारपेट की व्यवस्था सम्पूर्ण मेला अवधि तक। |
| 8 | सुरक्षा व्यवस्था (दर सम्पूर्ण मेला अवधि तक के लिए) दिन–रात | सुपरवाईजर – 01<br>गार्ड – 04<br>गन मैन – 04 |
| 9 | मेला प्रांगण में सफाई/पेयजल की व्यवस्था, VIP/शौचालय एरिया में (दर सम्पूर्ण मेला तक) | सफाई कर्मी 04 प्रतिदिन।<br>पानी टैंकर 01 प्रतिदिन। |
| 10 | फायर फाईटिंग (दर सम्पूर्ण मेला तक) | 20 फायर सिलेंडर ऑपरेटर सहित। |
| 11 | फ्लैग (दर सम्पूर्ण मेला तक) | 20 अदद विभिन्न रंगों में सिल्क कपड़ा/20 फीट लम्बा रड में 3'X3' में। |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | फ्लावर पॉट/प्लांट प्रति अदद (दर सम्पूर्ण मेला तक) | गमला बड़ा 50 अदद। |
| 13 | डस्टबीन (दर सम्पूर्ण मेला तक) | 25 अदद। |
| 14 | उद्घाटन सामग्री | फूल माला, बुके, पंचद्वीप, फीता, कैंची, घी एवं मोमबत्ती आदि। मंचासीन अतिथियों के लिए फोल्डर, अंग वस्त्रम, पेन, लेटर पैड 50 पीस। |
| 15 | 04 अदद चलंत शौचालय (जल व्यवस्था के साथ) | दर सम्पूर्ण मेला तक। |
| 16 | साईलेंट जेनरेटर 100 के0भी0ए0 का औपरेटर एवं ईंधन सहित। | दर सम्पूर्ण मेला तक। |
| 17 | पदाधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु आवासीय व्यवस्था। | पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए भोजनादि के साथ आवासीय व्यवस्था<br>03 रूम (01 AC एवं 2 Non AC) |
| 18 | प्रचार-प्रसार | 20'X10' के 10 चिन्हित किये गये जगहों पर फ्लैक्स खादी मेला से संबंधित लगाना है।<br>शुरू के चार दिन लोकल में माईक तथा फ्लैक्स लगाकर टेम्पू से प्रचार। |
| 19 | गाड़ी | मेला अवधि तक एक गाड़ी डीजल/मोबिल एवं चालके के साथ। |
| 20 | स्टैण्डी 6/4 का आयरण फ्रेम में | 08 स्टैण्डी मेला परिसर मे। |
| 21 | उद्घाटन एवं मेला समापन के दिन नास्ता | (I) VIP 50 पैकेट एवं जेनरल 350 पैकेट नास्ता, Bisleri पानी बोतल-100 अदद एवं 350 कप चाय।<br>(II) प्रतिदिन आने वाले VIP अतिथियों के लिए चाय, बिस्कुट, Bisleri पानी बोतल एवं आवश्यकता पड़ने पर 10-15 पीस नास्ता। |

नोट :-
1. उपरोक्त व्यय पर होने वाले कुल व्यय की राशि जी0एस0टी के साथ अंकित करें।
2. मेला परिसर भूमि को समतल (लेवलींग) संवेदक को करना होगा।
3. प्राकृतिक आपदा की स्थिति में स्टॉल प्रदर्शनी के क्षतिग्रस्त होने पर संवेदक को उसका पुनः निर्माण करना होगा।
4. निविदा अवार्ड होने के पश्चात् निविदा अवधि एक वर्ष के लिए वैध होगी, जिसे आवश्यकतानुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है।
5. निविदा में दिये गये कार्य विवरणी (Scope of work) में आवश्यकतानुसार Exception या Deviation विभागीय आदेश पर हो सकता है।

विशेष सचिव-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी